# बेकाबू बस पलटी, एक महिला की मौत, 20 घायल

शुभम नांदेकर

**पांढुर्णा, देशबन्धु।** एक दर्दनाक हादसे में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं, जब महाराष्ट्र के वरुड से दुल्हन को ससुराल लेने आ रहा परिवार एक भीषण सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। शुक्रवार रात लगभग 11 बजे तिगांव-मारुड़ के बीच स्थित एक अंधे मोड़ पर मिनी बस पलट गई जिसमें कुल 40 से 45 लोग सवार थे।

घटना में लगभग 20 लोग घायल हो गए जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। एक महिला ने इलाज के दौरान पांढुर्णा सिविल अस्पताल में दम तोड़ दिया। वहीं 6 घायलों को नागपुर रेफर किया गया। दुर्घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई, और सूचना मिलते ही डायल 100 की टीम मौके पर पहुंची। महिला और बच्चों सहित करीब 15 घायलों को तुरंत पांढुर्णा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज जारी है।

घायलों में सिविल अस्पताल में रतिराम कुमारे जामली 40 वर्ष, मालाखेड़ा निवासी गोकुल इवने 40 वर्ष, सविता धुर्वे 36 साल, कैलाश उईके 42 साल, आशाराम सलामे 41 साल, शारदा आहके 65 साल, शांता बाई आहके 52 साल, करण धुर्वे 18 साल, नयन धुर्वे 18 साल, कुणाल धुर्वे 19 साल, सुगना वट्टी 24 साल वरुड निवासी शामिल है। चार बच्चों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें नागपुर



## छह घायलों को नागपुर रेफर किया गया

रेफर किया गया। इनमें पायल धुर्वे 16 वर्ष, आदित्य इवनाती 13 वर्ष अंश धुर्वे 11 वर्ष और टीनू वरकड़े 16 वर्ष शामिल हैं। इन बच्चों को सिर और अन्य अंगों में गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को डायल 100 और 108 एंबुलेंस की मदद से पांढुर्णा सिविल अस्पताल पहुंचाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह परिवार वरुड़ महाराष्ट्र का निवासी है और विवाह समारोह के लिए पांढुर्णा आया हुआ था। कार्यक्रम के बाद सभी लोग मिनी बस और पिकअप वाहनों में सवार होकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान अंधे मोड़ पर बस पलट गई और पीछे से आ रही पिकअप भी हादसे का शिकार हो गई।

इस हादसे से स्थानीय लोगों में भी गहरा दुख व्याप्त है। हादसे की खबर मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और घायलों की मदद में जुट गए। अस्पताल में परिजनों का रो.रो कर बुरा हाल है। प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य त्वरित रूप से किया गया। शादी जैसे हर्षोल्लास के माहौल में आई यह दु:खद घटना सभी को झकझोर गई है।



## भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने नगर निगम कर रहा प्रयास

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मीडिया प्रभारी नगर पालिक निगम ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर निगम द्वारा विभिन्न क्रिया कलाप किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर वार्ड क्रमांक 09 स्थित खैरीभोपाल तालाब के पास भूमिगत के स्तर को बढ़ाने के लिए रिचार्ज शाफ़्ट संरचना का निर्माण किया गया। इसके निर्माण से भूमिगत जल स्तर में वृद्धि होगी। नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे 10 रिचार्ज शाफ़्ट का निर्माण किया जा रहा है।

**सार-समाचार**

## रेलवे स्टेशन पर चल रहे भारत अमृत योजना के निर्माण कार्यो का लिया जायजा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल शनिवार 3 मई को जिले के सांसद विवेक बंटी साहू ने छिन्दवाड़ा रेलवे स्टेशन में गति शक्ति के अंतर्गत चल रहे अमृत भारत योजना के निर्माण कार्यों का जायजा लिया, इस दौरान सांसद के संज्ञान में आया कि 1 क्लास वेटिंग रूम अभी कुछ दिनों से बंद चल रहा है जिससे यात्रियों को कठिनाई हो रही है इसके बाद 1 क्लास वेटिंग रूम के संदर्भ में रेलवे स्टेशन प्रबंधक हेमराज मीणा को निर्देशित किया कि उसको जल्द प्रारंभ करे ताकि इस भीषण गर्मी में यात्रियों को राहत मिले इसके बाद प्लेटफार्म में स्थित श्री हनुमान जी भगवान के दर्शन किए इसके बाद पातालकोट एक्सप्रेस में ट्रेन की सफाई व्यवस्था पर भी नाराजगी जताई और संबंधित रेलवे स्टाफ को ट्रेन में नियमित सफाई के लिए आदेशित किया। इस अवसर पर रेलवे सांसद प्रतिनिधि सत्येन्द्र ठाकुर भाजपा मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर, स्टेशन प्रबंधक हेमराज मीणा, हेल्थ इंस्पेक्टर आशीष अल्डक उपस्थित रहे।

## जल संरक्षण के लिए लगाई चित्र प्रदर्शनी, किया जागरूक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बिना पानी के न जीवन चल सकता है और न खेती की जा सकती है, न पशु पाले जा सकते है और ना ही जीवन जिया जा सकता हैं। जल के महत्व को जन-जन तक पहुचाने हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान पर जागरूकता कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड बिछुआ के तत्वावधान मे बिछुआ के सेक्टर क्रमांक 1 मे किया गया। इस अवसर पर परामर्शदाता श्यामल राव ने उपस्थित छात्रो को बताया की भीषण गर्मी मे जल का स्तर गिर जाने की वजह से पीने योग्य पानी की कमी रहती है यदि हम प्राकृतिक जल स्त्रोतों एवं नलो से मिलने वाले पानी जिसका की संरक्षण किया जाना चाहिए। हम जल किस तरह से बरबाद करते है, जल का दुरूपयोग को कैसे संरक्षण करना है पर आधारित चित्रो का प्रदर्शन कर जल की उपयोगिता से अवगत कराया। वहीं घरेलू बोर, हैंडपंप व कुए के पानी का किस तरह से संरक्षण जैसे कई नुख्से बताए और कहा कि जहां एक ओर गर्मी के समय भीषण जल संकट से जूझते रहते है। उसी तरह बरसात में पानी बचाने के लिए कोई अथक प्रयास नहीं किया जाता यदि हम बरसात के पानी को सहेजकर रखें तो हमारा ग्राम खुशहाल बन सकता है।

बी.एस.डब्ल्यू. की छात्रा चांदनी बैठवार ने कहा की प्रकृति के संतुलन को बचाए रखने के लिए हमें पेड़, मिट्टी, वन्यप्राणियों का संरक्षण करना आवश्यक होता है उसी तरह मनुष्य के जीवन जीने के लिए पानी का संरक्षण कंही ज्यादा आवश्यक होता है। इसलिए हम सब मिलकर पानी के महत्व को समझते हुये सहेजकर रखें। यदि हम जल को अभी से रोककर रखेंगे तो आने वाले समय मे संकट से बच पाएंगे, इसके लिए हम ग्राम का पानी गांव मे की परिकल्पना को साकार करने हमें बेकार बहने वाले पानी को बचाने के लिए अपने स्तर से प्रयास करे



# गुंडाराज के विरोध में महिला कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. की भाजपा सरकार में आदिवासी समाज की सुरक्षा व रक्षा भगवान भरोसे है, क्योंकि सरकार जनहित में नहीं बल्कि माफिया व गुंडाराज के हित में निर्णय ले रही है और उनकी ही सुरक्षा के लिए गम्भीर है। आदिवासियों को केवल और केवल वोट बैंक समझने वाली भाजपा के राज में लगातार आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ जिला महिला कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया।

जिला महिला कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ ने प्रस्तुत ज्ञापन में उल्लेख किया कि आदिवासी पुरुषों के साथ मारपीट, उनकी निर्मम हत्या व आदिवासी की जमीनों को हड़पने व गैर आदिवासियों को बेचने का षड्यंत्र भाजपा की सरकार में रचा गया और अब आदिवासियों की बहन व बेटियों की अस्मत भी खुलेआम लूटी जा रही और भाजपा पूरी तरह से मौन है, पुलिस व प्रशासन ने भी चुप्पी साधी है। बालाघाट जिले के ग्राम दुगलाई में मासूम आदिवासी बेटियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म की जघन्य वारदात को सात युवकों ने अंजाम दिया, आदिवासी बेटियों के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इतना सबकुछ होने के बाद भी भाजपा चुप है यही भाजपा का आदिवासी विरोधी चेहरा है जिसे जनता ने अपनी खुली आंखों से देखा है।

महिला कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ ने राष्ट्रपति के नाम प्रस्तुत ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि भाजपा सरकार आदिवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें साथ ही सामूहिक दुष्कर्म के सभी आरोपियों को फांसी की सजा दी जाए साथ ही पीडित परिवार को आर्थिक, शैक्षणिक व स्वास्थ्य संबंधित सहायता प्रदान करें।



ज्ञापन प्रस्तुत करते समय गंगाप्रसाद तिवारी, ब्रज कुमारी सरयाम, रीना पहाड़े, दीपा यादव, रानू डेहरिया, यास्मीन बानो, शिव कुमार सिरसाम, दशरथ उइके, जुगराज पन्द्राम, मनोज मर्सकोले, पप्पू यादव, तुलसीराम वरकड़े, सुरेश कपाले, विनोद धुर्वे, स्नेह सरयाम, संजयलाल सरेयाम, दुर्गेश उइके, अविनाश ककोड़िया, राजू वाडिवा, अमित उइके सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# जीवन पथ दर्शन शिविर आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर के नई आबादी गांधी गंज स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय में मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के तत्वावधान में 6 दिवसीय जीवन पथ दर्शन शिविर का आयोजन अमायन से पधारी बाल ब्रह्मचारणी ममता दीदी के समागम में किया गया जिसका लाभ सकल जैन समाज को मिला।

शिविर में मुख्य रूप से जैन दर्शन के मुख्य सिद्धांतों सहित निश्चय व्यवहार का स्वरूप बताया गया और मनुष्य जीवन की सार्थकता एवं उसमें करने योग्य कार्य की चर्चा चली एवं विशेष रूप से अनुशासन पूर्वक प्रत्येक कार्य करने का अनुनय किया गया।

जिसमें गुरुजनों सहित मां जिनवाणी की आज्ञा मानना, कार्य समय पर करना और वस्तु को यथा स्थान रखने का पाठ पढ़ाया गया उन्होंने कहा कि जिन धर्म के प्रत्येक कार्य पाप घटाने एवं कषाय मिटाने के लिए कही गई है।

**आज होगा डॉ. प्रवीण जैन का आगमन**

फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि आज रविवार को जैन दर्शन के प्रकांड विद्वान डॉ. प्रवीण जैन ढाईदीप इंदौर का नगर आगमन हो रहा है जिनके मंगल प्रवचन प्रात: एवं रात्रि 8:30 बजे से स्वाध्याय भवन गोल गंज में रखे गए हैं।

**5 मई को आयेंगे सुमत प्रकाश जैन**

श्री जैन ने बताया कि सोमवार 5 मई के शुभ दिन बाल ब्रहमचारी पंडित सुमतप्रकाश जैन खनियाधाना का छिंदवाड़ा आगमन हो रहा है जिनके मंगल प्रवचन वीतराग भवन में दोपहर 3 बजे, रात्रि 8:30 बजे एवं मंगलवार को प्रात: 8:30 बजे आयोजित किए गए हैं जिसका लाभ लेने की अपील सकल जैन समाज से मंडल एवं फेडरेशन द्वारा की गई है।

# सिगोड़ी में मुस्लिम समाज ने निकाली रैली

**सिंगोड़ी, देशबन्धु।** हिन्दुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे के साथ अंतत: सिंगोड़ी क्षेत्र के मुस्लिम समाज ने एकत्रित होकर एक रैली निकाली, पुतला दहन किया और ज्ञापन सौपकर सरेआम चौराहे में ऐसे जाहिलों को फांसी देने की मांग भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री से की गई है।

गत दिनों जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में जहां जिले सहित देश भर के मुसलमान लगातार विरोध प्रदर्शन कर सक्त कार्यवाई की मांग कर रहे है तो वही सिंगोड़ी अंजुमन कमेटी तथा पिंडरई डबीर, रजोला, खकरा चौरई के मुस्लिम समाज ने शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद मस्जिद परिसर से रैली निकालकर पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला बस स्टैंड में फूका तथा अमरवाड़ा तहसीलदार और चौकी प्रभारी को देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौप कर आतंकवाद और पाकिस्तान के ऊपर शक्त कार्यवाई की मांग की है।

इस दौरान सिंगोड़ी अंजुमन कमेटी के सदर इलमन मिस्किनी ने कहा की पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा कायराना हरकत करते हुए निहत्थे देश के पर्यटकों की हत्या कर दिया था जिसकी समस्त मुस्लिम समाज घोर निन्दा करता है और मांग करता है की हमला करने वाले और इनको पनाह देने वाले आतंकवादियो को सार्वजनिक रूप से चौक चौराहों में फांसी दी जाए, जो एक मिसाल बने ताकि कोई भी हमारे देश की तरफ आंख उठाकर देख ना सके।



## पुतला फूंक कर सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई करने की मांग

वहीं जामा मस्जिद के पेश इमाम हाजी नौशाद आज़मी और हाफिज इदरीस वारसी ने कहा कि आतंकवादियो को पोषण देने वाले पाकिस्तान पर सैन्य कार्यवाई के साथ परमाणु हमला कर दुनिया से इसका नाम ही मिटा दिया जाए। ताकि भविष्य में मानवता और हिंदुस्थानियो के ऊपर कोई खतरा न हो सके। वहीं आगे कहा की देश की रक्षा के लिए हमेशा भारत का मुसलमान दुश्मन देश के खिलाफ सबसे आगे लड़ने के लिए खड़ा है।

वहीं सभी उपस्थितों ने भारत सरकार से मांग करते हुए कहा की बिना देर किए उचित कार्यवाई के साथ साथ अतंकवाद के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए सख्त कदम उठाए जाने चाहिए। इस अवसर पर अंजुमन सदर इलमन भाई, मंजूर पटेल, हाजी मोइनुद्दीन, अब्दुल कादिर, हाजी शमीम राजा, समीउल्लाह भाई, हाफिज टेलर, बाबा भाई, इब्राहिम, इरफान अली, पत्रकार जाहिद मंसूरी, पत्रकार शफीक मिस्किनी, अब्दुल आहद मिस्किनी, सलीम भाई, हाजी आसिफ भाई गुड्डू, अख्तर बाबा, कुद्दुस बाबा, सहाबुद्दीन भाई, गुलाम वसीम अंसारी, नावेद बाबू, इलियास भाई, गोलू भाई, आमिर हुसैन, जफर भाई, असद सहित सैकड़ों मुस्लिम समुदाय के लोग सामिल थे।

# कृषि उपज मंडी में पदस्थ लेखापाल को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** अमरवाड़ा नगर के कृषि उपज मंडी में पदस्थ कमल प्रसाद शर्मा के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। अमरवाड़ा नगर के एक होटल में विदाई समारोह आयोजित हुआ जिसमें अमरवाड़ा नगर के जनप्रतिनिधि, कृषि उपज मंडी के अधिकारी, जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारियों के साथ व्यापारी वर्ग मौजूद रहे जहां सभी ने सेवानिवृत्ति पर कमल प्रसाद शर्मा को शुभकामनाएं प्रेषित कर उनका सम्मान शॉल श्रीफल देकर किया गया।

इस दौरान कमल प्रसाद शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि मैं अपनी जीवन में 36 वर्ष कृषि उपज मंडी में विभिन्न स्थानों पर अपनी सेवाएं दी है चौरई मंडी से प्रारंभ कर अलग-अलग स्थान पर अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन किया वहीं अमरवाड़ा में मुझे सभी लोगों का प्रेम मिला और सहयोग मिला वही अमरवाड़ा में आयोजित लोकसभा विधानसभा में अपनी विशेष भूमिका निभाकर चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराया है और रिटर्निंग कार्यालय में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस मौके पर अनु विभाग की अधिकारी अमरवाड़ा हेमकरण धुर्वे, मंडी के छिंदवाड़ा पांढुर्णा अमरवाड़ा और शिवनी के समस्त कर्मचारीसाथीगण, पत्रकारगण देवेंद्र जैन, सलीम खान, दिनेश नेमा, तरुण शुक्ला, ओमप्रकाश मिश्रा, मोहित साहू, अंकुर जैन, सुदेश नागवंशी, सूरज ठाकुर सहित जनप्रतिनिधियों ने भी अपने चित परिचित अंदाज में शुभकामनाएं प्रेषित की वहीं व्यापारी संगठन के समस्त अमरवाड़ा विधानसभा के व्यापारी सदस्य गन विदाई सम्मान समारोह में उपस्थित रहे।



# स्प्रिंकलर तकनीक से लहसुन उत्पादन कर बढ़ाई आय





छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिले के विकासखंड सुसरई गाँव के मेहनती और दूरदर्शी कृषक श्रीभान सिंह रघुवंशी ने यह साबित कर दिया है कि अगर सही तकनीक और सरकारी योजनाओं का समावेश हो तो खेती भी एक लाभदायक और समृद्ध व्यवसाय बन सकती है।

वर्ष 2024-25 में उन्होंने उद्यानिकी विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का लाभ उठाकर मिनी स्प्रिंकलर प्रणाली को अपनाया और उन्हें केवल कुछ ही महीनों में शानदार नतीजे हासिल हुए।

## सफलता की कहानी

### बूंद-बूंद पानी से बड़ा फायदा

चार एकड़ जमीन पर लगाए गए इस मिनी स्प्रिंकलर सिस्टम ने सिंचाई की पारंपरिक चुनौतियों को काफी हद तक कम कर दिया। श्री रघुवंशी ने पूरे खेत में लहसुन की फसल बोई और सिंचाई के लिए इस आधुनिक प्रणाली का उपयोग किया। इसका नतीजा यह रहा कि पानी की काफी बचत हुई और साथ ही मजदूरी पर होने वाला खर्च भी कम हो गया।

### गुणवत्ता भी बढ़ी, उत्पादन भी

श्री रघुवंशी ने बताया कि स्प्रिंकलर तकनीक के उपयोग से न केवल फसल की गुणवत्ता बेहतर हुई बल्कि पैदावार में भी अच्छा खासा इज़ाफा हुआ। उन्होंने सिर्फ एक एकड़ लहसुन की फसल से ही 8 लाख रुपये की शुद्ध आय प्राप्त कीए जो अपने आप में एक मिसाल है।

### इस वर्ष का विस्तार और सफलता

पिछले वर्ष की सफलता से प्रेरित होकर इस वर्ष उन्होंने दो एकड़ में लहसुन और दो एकड़ में आलू की फसल लगाई। दोनों फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन इस बार भी बेहतरीन रहे और उन्हें 8 लाख रूपए से अधिक की आय प्राप्त हुई। वे अन्य किसानों को भी शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# सांसद ने एक मरीज को आर्थिक सहायता दिलाई

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। सांसद बंटी विवेक साहू आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को लगातार आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रहे है। इसी कड़ी में अब सांसद के प्रयासों से एक मरीज को 65 हजार की सहायता मिली है।

उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू लगातार छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में दौरा कर रहे है। दौरे के दौरान आर्थिक रूप से कमजोर मरीज एवं उनके परिजनों ने सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला दिया और ईलाज के लिए आर्थिक सहायता दिलाने की गुहार लगाई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर मरीज को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से आर्थिक सहायता दिलाने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री श्री यादव ने आर्थिक सहायता दी है।

# छिन्दवाड़ा में नीट परीक्षा आज, 4646 विद्यार्थी होंगे शामिल

## जिले के 11 केंद्रों में दोपहर दो से पांच बजे तक होगी परीक्षा

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नीट (यू.जी.)- 2025 परीक्षा आज 04 मई 2025, दिन रविवार को छिन्दवाड़ा जिले के 11 परीक्षा केन्द्रों पर दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी जिसमें कुल 4646 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

परीक्षा के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिये कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार सभी संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी शामिल हैं, जिन्हें विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर निगरानी, समन्वय एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के लिये जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ हीए प्रत्येक परीक्षा केन्द्र की मॉनिटरिंग के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

परीक्षा केन्द्र परिसर में मोबाइल फोन ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा एवं सभी संबंधित अधिकारियों को अपना परिचय पत्र साथ रखना अनिवार्य होगा। परीक्षा की वस्तुस्थिति की जानकारी संयुक्त कलेक्टर अंकिता त्रिपाठी को दी जाएगी।

## सार-समाचार

# उप संचालक डॉ. एचजीएस पक्षवार ने किया पॉलीक्लीनिक का आकस्मिक निरीक्षण



छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. एचजीएस पक्षवार ने गत दिवस जिला पॉलिक्लिनिक छिंदवाड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित पाए गए। पॉलिक्लिनिक में रखी गई पंजीयों की जांच के दौरान ओपीडी पंजी में दो दिवस का रिकॉर्ड अधूरा मिला, जिसे पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। गर्मी के मद्देनजर उप संचालक ने पशुपालकों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था के तहत वॉटर कूलर तथा बैठने के लिये रिवॉल्विंग स्टूल की मांग जिला कार्यालय को भेजने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान पॉलिक्लिनिक की अन्य व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की।

# विधिवत चालू हुआ एनसीसी कैम्प कन्या शिक्षा परिसर में

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। आज सुबह 6:00 बजे से 600 कैडेट में उत्साह और उमंग के साथ कमांडिंग ऑफिसर कर्नल थॉमस ओमेन के ओपनिंग एड्रेस के बाद एनसीसी कैंप सी ए सी टी 92 शुरू हो चुका है। कमांडिंग ऑफिसर ने ओपनिंग एड्रेस में कहा कि आज के बच्चे कल के नागरिक होते हैं और यह बच्चे यदि अनुशासित है तो वह एक अच्छे नागरिक बनते हैं। उन्होंने एन.सी.सी. का मोटो एकता और अनुशासन पर जोर दिया। कैंप में देशभक्ति का जज्बा और उन्हें भविष्य में अच्छे कार्य कर अपना और समाज का नाम रोशन करने एवं देश के लिए कुछ कर गुजरने के लिए कहा। एनसीसी कैडेट में नेतृत्व क्षमता और व्यक्तित्व विकास के लिए भी चर्चा की गई। स्कूल और कॉलेज के एन.सी.सी. कैडेट एक साथ 600 की संख्या का मनोरम दृश्य कन्या शिक्षा परिसर छिंदवाड़ा में सुबह से ही देखने को मिल रहा है विद्यालय के आसपास रहने वाले आम नागरिक भी ग्राउंड के आसपास आकर इनकी गतिविधियां देख रहे हैं। ओपनिंग एड्रेस में एडम आफिसर कर्नल विजय कुमार, एस. एम. सतीश तापसे, कैंप ऐडूजेंट माइक प्रकाश, फर्स्ट ऑफिसर मनोज शर्मा के साथ सभी ए.एन.ओ, पी.आई. स्टाफ और सिविल स्टाफ अपनी पूरी जवाबदारी के साथ बच्चों की फौजी गतिविधियों पर ध्यान रखे हुए हैं और उन्हें उत्तम व्यवस्था देने का प्रयास कर रहे हैं।



# विलास नरोटे एवं दीनदयाल मोहने बने लोकतंत्र सेनानी संघ मप्र के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। प्रदेश सचिव एवं संभाग प्रभारी अजय औरंगाबादकर ने बताया कि छिन्दवाड़ा के वरिष्ठ लोकतंत्र सेनानी विलास नरोटे एवं दीनदयाल मोहने को लोकतंत्र सेनानी संघ म.प्र. के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है। मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष तपन भौमिक एवं प्रदेश कार्यकारिणी का आभार माना एवं नव नियुक्त सदस्य को शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही लोकतंत्र सेनानी संघ छिंदवाड़ा के सभी सदस्यों एवं प्रहरीयों ने विलास नरोटे एवं दीनदयाल मोहने को बधाई प्रेषित की है।

# हितग्राहियों से राशि लेने पर उमरेठ जनपद सदस्य के खिलाफ शिकायत

परासिया, देशबन्धु। जनपद पंचायत परासिया की दो महिला जनपद सदस्यों से राशि लेने के मामले में गंभीर विवाद में आ गई है। एक जनपद सदस्य पर दो हितग्राहियों से संबल योजना की राशि लेने के आरोप लगे हैं। हितग्राहियों के द्वारा पिछले दिनों जिला कलेक्टर एवं हरिजन कल्याण थाने में शिकायत दी गई है। दूसरी महिला जनपद सदस्य पर चांदामेटा की एक महिला से नौकरी लगाने के नाम पर डेढ़ लाख की राशि लेने का आरोप लगा है।

उमरेठ के वार्ड क्रमांक 20 में रहने वाले विश्राम शीलू में बताया कि 2 वर्ष पूर्व उसके पुत्र की मौत हो गई है। उसके खाते में संबल योजना की 2 लाख की अनुग्रह राशि डाली गई है, जिसमें कि जनपद सदस्य राधा साहू का कहना है कि संबल योजना की राशि उसने स्वीकृत कराई है, इसलिए उसे 30 हजार रुपए चाहिए। बार-बार परेशान करने पर उसे मेरे द्वारा 5000 की राशि दी गई है बाकी 25000 की राशि के लिए वह बार-बार घर आ रही है और राशि नहीं देने पर जीना मुश्किल करने के बारे में कह रही है।

जिसकी शिकायत मेरे द्वारा जिला कलेक्टर और हरिजन कल्याण थाने में की गई है। इसी तरह उमरेठ के वार्ड क्रमांक 5 में रहने वाली मीराबाई बरकड़े ने शिकायत में कहा है कि उसके पति की मौत 2 वर्ष पूर्व हो गई है। उसके खाते में संबल योजना की अनुग्रह राशि 2 लाख आई है जिसको लेकर जनपद सदस्य राधा साहू के द्वारा यह कहा गया कि संबल योजना की राशि उसने स्वीकृत कराई है, इसलिए उसे 20000 रुपए मिलना चाहिए। बार-बार परेशान करने पर राधा साहू को मेरे द्वारा 10000 दिए गए। लेकिन बकाया 10000 की राशि लेने के लिए राधा साहू काफी प्रताड़ित कर रही है।

# अभिनय की बारीकियां सीखते कलाकार

## नाट्य गंगा की एक्टिंग वर्कशॉप जारी



छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिले की सबसेपुरानीसक्रिय नाट्य संस्था एवं एकमात्र रंगमंडल नाट्यगंगा के द्वारा कलाकारों को रंगकर्म से जोड़ने के लिए 1 मई से स्थानीय महारानी लक्ष्मी बाई उ.मा. विद्यालय में 45 दिवसीय फिल्म एवं थियेटर क्टिंग वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है।

इस कार्यशाला में अंबाला, खैरागढ़, भोपाल और छिंदवाड़ा के सुप्रसिद्ध फिल्म, टीवी और रंगमंच के कलाकार सात साल से साठ साल तक के प्रतिभागियोंको एक्टिंग की बारीकियाँ सिखा रहे हैं।

कार्यशाला में मुख्य रूप से सचिन वर्मा, तरूण जलोटा, अमजद खान, अमित सोनी, विनोद प्रसाद, ग्यास, पूनम बचले, अर्शिल चिचाम, आकाश घोरमारे, हर्ष डेहरिया, हेमंत नांदेकर के द्वारा नए प्रतिभागियों को कैमरा एक्टिंग, स्टेज एक्टिंग, गायन, वादन, संवाद अदायगी, मार्शल आर्ट्स, मुखोटा निर्माण, थियेटर गेम्स आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

विदित हो कि रंगमंडल के द्वारा 154 प्रतिभागियों का ऑडिशन लेकर 50 प्रतिभागियों का चयन कार्यशाला के लिए किया गया है जो अब रंगकर्मी बनने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। नए प्रतिभागियों का कहना है कि कार्यशाला में मौज मस्ती के साथ अभिनय सिखाया जा रहा है।

यह कार्यशाला हमें न सिर्फ अभिनय का प्रशिक्षण दे रही है अपितु हमें एक विचार भी दे रही है। हमारे जीवन में रस पैदा कर रही है, सकारात्मकता ला रही है और हमें अनुशासन सिखा रही है। मस्ती के साथ परिश्रम करने में बहुत मजा आ रहा है।

संस्था सचिव अमजद खान ने बताया कि शुरूआती दिनों में कलाकारों के अंदर की झिझक को समाप्त करने के लिए उन्हें थियेटर गेम्स खिलवाए जा रहे हैं तथा मंच पर छोटे-छोटे प्रदर्शन करने के लिए कहा जा रहा है। धीरे-धीरे प्रतिभागियों के शरीर, आवाज, भाव भंगिमा को रंगकर्म के अनुरूप बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# जिला जेल छिन्दवाड़ा में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिला जेल छिंदवाड़ा में कल 3 मई को बंदियों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जबलपुर के निर्देशानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा के अध्यक्ष सुशांत हुद्दार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर न्यायाधीश सुशांत हुद्दार ने किया और अपने संबोधन में कहा कि निरोगी रहना प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की मंशानुसार जेलों में बंदियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य है। इस अवसर पर उन्होंने सभी बंदियों से आग्रह किया कि वे अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लें।

स्वास्थ्य परीक्षण में मेडिकल कॉलेज छिंदवाड़ा एवं जिला चिकित्सालय के 10 विशेषज्ञ डॉक्टरों ने भाग लिया, जिन्होंने कुल 170 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार व दवाइयों का वितरण किया। इनमें 157 पुरुष और 13 महिला बंदी शामिल रहे। साथ ही विधिक सहायता शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें लीगल एड डिफेंस काउंसल्स के सदस्यों ने भाग लिया। इस शिविर में 4 बंदियों को विधिक सहायता प्रदान की गईए जबकि 50 बंदियों को कानूनी सलाह दी गई।

कार्यक्रम में सी.जे.एम. विपेन्द्र सिंह यादव, प्राधिकरण सचिव राकेश सिंह, जेल अधीक्षक प्रतीक कुमार जैन, उप अधीक्षक ज्ञानांशु भारतीय, सहायक जेल अधीक्षक आशीष मंजना, एलएडीसीएस टीम के सतीशराज श्रीवास, देवकरण ठाकरे व शबनम खान सहित चिकित्सकगण, पैरालीगल वॉलेंटियर्स और जेल व मेडिकल स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही।

# सांसद ने किए बगलामुखी मंदिर बरारीपुरा में मां के दर्शन

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। बरारीपूरा स्थित प्राचीन स्वयंभू सिद्ध श्री बगलामुखी माता मंदिर में तीन दिवसीय प्रकट उत्सव का शुभारंभ आज प्रातः विधिवत रूप से किया गया। पहले दिन सुबह 6 बजे श्री बगलामुखी माता का अभिषेक, पूजन, आरती एवं सहस्त्र वचन जाप के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस पावन अवसर पर क्षेत्रीय सांसद विवेक बंटी साहू विशेष रूप से उपस्थित होकर माँ का आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही शहर व वार्ड के अनेक गणमान्य नागरिकों की भी उपस्थिति रही। उत्सव की अगली कड़ी में शनिवार को दिनभर पूजा-पाठ होगाए वहीं रात्रि 8 बजे से श्री श्री भगवती देवी जागरण ग्रुप द्वारा भव्य देवी जागरण का आयोजन किया जाएगा।

# पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने जन्मदिन पर जामसांवली हनुमान मंदिर में दर्शन कर लिया आशीर्वाद

सौसर, देशबन्धु। आध्यात्मिक आस्था और विकास की अनूठी मिसाल पेश करते हुए मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी उमा भारती ने अपने जन्मदिन के विशेष अवसर पर जामसांवली के चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर में दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने न केवल भगवान हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया, बल्कि मंदिर के चल रहे निर्माण कार्यों और हनुमान लोक परियोजना का भी गहन निरीक्षण किया।

मंदिर पहुंचने पर साध्वी उमा भारती का भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने भगवान श्री राम से अपने उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और राष्ट्र कल्याण के लिए प्रार्थना की। इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर में चल रहे हनुमान लोक के निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। न्यास के पदाधिकारियों ने उन्हें परियोजना के विभिन्न पहलुओं जैसे कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं, सांस्कृतिक महत्व और पर्यावरणीय संवेदनशीलता के बारे में बताया।

साध्वी उमा भारती ने मंदिर के गर्भ गृह के निर्माण को लेकर कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए जिनमें वास्तुशास्त्र और श्रद्धालुओं की आवश्यकताओं का ध्यान रखने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि मंदिर न केवल आध्यात्मिक केंद्र होना चाहिए बल्कि यह क्षेत्र के सामाजिक और सांस्कृतिक विकास का भी प्रतीक बने।

अपने आध्यात्मिक जुड़ाव को दर्शाते हुए उन्होंने हनुमान जी के समक्ष बैठकर श्री रामचरितमानस का पाठ किया और श्री राम-हनुमान मिलन के प्रसंग का वर्णन किया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्तिमय वातावरण में हनुमान चालीसा का पाठ किया।

तत्पश्चात उन्होंने गौमाता को गुड़-रोटी खिलाकर गौसेवा की एवं उपस्थितों को आजीवन गौसेवा का संकल्प दिलाया। उन्होंने संस्थान के प्रशासक सिद्धार्थ पटेल से प्रस्तावित गौसेवा प्रकल्प की जानकारी लेकर उक्त अभिनव प्रकल्प हेतु शुभकामनाएं दी।

न्यास द्वारा साध्वी उमा भारती के जन्मदिन के उपलक्ष्य में उनका सम्मान किया गया और उन्हें दीर्घायु की शुभकामनाएं दी गईं।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री नाना भाऊ मोहोड़, ट्रस्ट के संरक्षक दादाराव बोबड़े, ट्रस्टी एवं जिला अध्यक्ष भाजपा संदीप मोहोड़, न्यास के उपाध्यक्ष संतोष डवरे, सचिव टीकाराम कारोकर, प्रशासक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी सिद्धार्थ पटेल, ट्रस्टी अजय धवले, मोहन ताजने, भास्कर गुड़धे आदि।



